भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 274

दिनांक 02 फरवरी, 2026 को उत्तरार्थ

.....

प्रकाशम में पीएम कृषि सिंचाई योजना 2.0 का कार्यान्वयन

274. श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि पीएम कृषि सिंचाई योजना 2.0 के वाटरशेड विकास घटक के अंतर्गत वर्ष 2022 में आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में 8 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है;

(ख) क्या यह भी सच है कि उपर्युक्त परियोजनाओं के अंतर्गत चेक डैम/चेक वॉल, फार्म तालाब/सूखा तालाब, नाला बांध, परकोलेशन टैंक इत्यादि बनाए गए है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उपरोक्त परियोजनाओं के लिए स्वीकृत और जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है और इन परियोजनाओं को पूर्ण करने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है तथा उपरोक्त परियोजनाओं के तहत छोटे, सीमांत और भूमिहीन किसानों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क): जी, हां। प्रकाशम जिला, आंध्र प्रदेश में वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0) के वाटरशेड विकास घटक के अंतर्गत 8 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

(ख) और (ग): जी, हां। प्रकाशम जिला, आंध्र प्रदेश में डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 परियोजनाओं के अंतर्गत निर्मित चेक डैम, फार्म पॉन्ड/डगआउट पॉन्ड, नाला बांध और परकोलेशन टैंकों का परियोजना-वार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(घ): डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 परियोजनाओं के कार्यान्वयन की स्वीकृत अवधि मार्च 2026 तक है। इसके अलावा, स्वीकृत और जारी की गई निधियों का विवरण और लाभान्वित छोटे, सीमांत और भूमिहीन किसानों की संख्या का विवरण क्रमशः **अनुलग्नक-II** और **अनुलग्नक-III** में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक-I

"प्रकाशम में पीएम कृषि सिंचाई योजना 2.0 का कार्यान्वयन" के संबंध में दिनांक 02.02.2026 को राज्य सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न संख्या 274 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 परियोजनाओं के अंतर्गत निर्मित चेक डैम, फार्म पॉन्ड/डगआउट पॉन्ड, नाला बांध और परकोलेशन टैंकों का परियोजना-वार विवरण।

क्र.सं.	जिला	डब्ल्यूसीसी	परियोजना	चेक डैम	फार्म पॉन्ड / डग आउट	नाला बांध	परकोलेशन टैंक
1	प्रकाशम	बेस्टवेरिपेटा	गढ़ीकोटा		200	75	9
2		दारसी	कोचेरलाकोटा	6	167	10	10
3			मित्तापलेम		152	13	8
4		मार्कापुरम	थुव्वापाडु	11	349	38	2
5			येलुरू	16	137	6	1
6		मर्रिपुडी	कोनिजेदु	15	3	1	1
7			मारेला		111	70	3
8			थंगेला		108	95	1
कुल योग				**48**	**1227**	**308**	**35**

अनुलग्नक-II

"प्रकाशम में पीएम कृषि सिंचाई योजना 2.0 का कार्यान्वयन" के संबंध में दिनांक 02.02.2026 को राज्य सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न संख्या 274 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत और जारी की गई धनराशि का परियोजना-वार विवरण।

क्र.सं.	जिला	डब्ल्यूसीसी	परियोजना	स्वीकृत राशि (लाखों में)	जारी की गई राशि (लाखों में)
1	प्रकाशम	बेस्टवेरिपेटा	गढ़ीकोटा	1056.22	707.32
2		दारसी	कोचेरलाकोटा	800.80	514.42
3			मित्तापलेम	847.00	512.48
4		मार्कापुरम	थुव्वापाडु	1039.50	786.30
5			येलुरू	757.24	436.42
6		मर्रिपुडी	कोनिजेदु	806.52	317.92
7			मारेला	779.02	545.75
8			थंगेला	661.54	443.30
कुल				**6747.84**	**4263.91**

अनुलग्नक-III

"प्रकाशम में पीएम कृषि सिंचाई योजना 2.0 का कार्यान्वयन" के संबंध में दिनांक 02.02.2026 को राज्य सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न संख्या 274 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 के तहत लाभान्वित छोटे/सीमांत और भूमिहीन किसानों की संख्या का परियोजना-वार विवरण।

क्र.सं.	जिला	नाम	परियोजना का नाम	लाभार्थियों की संख्या (छोटे/सीमांत किसान, भूमिहीन आदि)			
				छोटे/सीमांत किसान	भूमिहीन	अन्य	कुल
1	प्रकाशम	बेस्टवेरिपेटा	गढ़ीकोटा	262	199	291	752
2		दारसी	कोचेरलाकोटा	201	234	231	666
3			मित्तापलेम	349	193	228	770
4		मार्कापुरम	थुव्वापाडु	525	171	426	1122
5			येलुरू	246	211	150	607
6		मर्रिपुडी	कोनिजेदु	155	342	47	544
7			मारेला	201	240	337	778
8			थंगेला	245	201	247	693
कुल				**2184**	**1791**	**1957**	**5932**